# लखनऊ में 1000 करोड़ का निवेश करेगी सिफी

**समझौता**

- विश्व आर्थिक मंच दावोस में यूपी को निवेश प्रस्ताव
- विंड एनर्जी टर्बाइन को 1200 करोड़ का निवेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। सिफी टेक्नोलॉजीज लखनऊ के चक गंजरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब स्थापित करेगी। इसके लिए 1000 करोड़ का निवेश होगा। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज प्रदेश में 300 मेगावाट का सोलर प्लांट और रूफटॉप विंड एनर्जी टर्बाइन स्थापित करने के लिए 1200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन में उत्तर प्रदेश ने वैश्विक और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कंपनियों के साथ गुरुवार को ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। सिफी टेक्नोलॉजीज ने न केवल एआई हब स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, बल्कि 150-200 एकड़ भूमि पर हाइपरस्केलर डेटा सेंटर स्थापित करने की संभावनाएं भी जताई है। इस कंपनी ने नोएडा में 7000 करोड़ रुपये के निवेश से 75 मेगावाट डेटा सेंटर तैयार कर लिया है। यह जल्द चालू होने वाला है। इन परियोजनाओं से यूपी देश के अग्रणी डेटा हब के रूप में स्थापित होगा। मुख्य सचिव मनोज सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कई निवेशकों से मुलाकात की।

➤ सहयोग पर चर्चा P10, 24